मंगलवार
33 साल से देहरादून का विश्वास
10 जून 2025
● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 128
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# इच्छाधारी बाबा गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। मायावी कलाओं और भ्रामक तरीकों से करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले मायावी इच्छाधारी बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बाबा बरेली के पीर जुनैद से वशीकरण युक्त रहस्यमय कलाएं सीखने का दावा करता था।

जानकारी के अनुसार बीती 8 जून को रुद्रपुर कोतवाली में एक महिला द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि आरोपी बाबा ने उसके घर के अंदर जमीन के नीचे दबा हुआ धन निकालने का नाटक रचते हुए उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और उसकी आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली। इस वीडियो के जरिए उसने पीड़ित से पाँच लाख रुपये वसूले। इसके बाद भी, आरोपी महिला को उस आपत्तिजनक वीडियो का डर दिखाकर 20 लाख रुपयों की और मांग कर रहा था।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसके परिणाम स्वरूप बीती रात आरोपी रामभक्त को डिग्री कॉलेज, रामपुर रोड, रुद्रपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अपने खिलाफ हुए मुकदमे की भनक लग चुकी थी और वह मुंबई भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार यह इच्छाधारी बाबा केवल एक धोखेबाज नहीं, बल्कि ठगी का एक माहिर कलाकार था, जिसके पास लोगों को अपने जाल में फंसाने के कई शातिराना तरीके थे।

आरोपी बाबा खुद को एक आध्यात्मिक गुरु बताता था, जो लोगों की समस्याओं का समाधान कर सकता है, लेकिन उसका एकमात्र मकसद ठगी करना था। यह बिजनेसमैन बाबा का गेटअप में लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि वह न केवल आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली है, बल्कि आर्थिक रूप से भी संपन्न है, जिससे लोग उसकी बातों में आसानी से आ जाते थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# संकल्प से सिद्धि के 11 साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सत्ता पर काबिज भाजपा की सरकार अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे कर चुकी है। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने बीते साल 9 जून को की थी। अपने पहले कार्यकाल से लेकर आज तक 11 साल के उनके कार्यकाल में देश ने कौन-कौन सी बड़ी उपलब्धियां हासिल की अब इन उपलब्धियां की सूची को लेकर भाजपा के सांसद-विधायक और मंत्री तथा कार्यकर्ता घर-घर तक जाएंगे। भाजपा नेताओं और नीतिकारों की डिक्शनरी में एक-एक चुनिंदा शब्दों, भावो और भावनाओं की रसधार प्रवाहित करने वाले हजारों वक्तव्य व नारे हैं विकल्प रहित संकल्प और संकल्प से सिद्धि तक जैसे मुहावरे किसी को भी मनमोहक लग सकते हैं। सवाल यह है कि भाजपा सरकार इन 11 सालों में (2014 से 2025 तक) कौन-कौन सी ऐसी बड़ी उपलब्धियां हासिल की है जिनके संकल्प सरकार द्वारा लिया गया और उसे पूरा करके भी दिखाया गया। 2014 का जब चुनाव हुआ था तथा भाजपा द्वारा पूरे देश में अच्छे दिन लाने के दावे किए गए थे, 100 दिन के अंदर विदेश में जमा काला धन वापस लाकर और हर एक गरीब के खाते में 15-15 लाख रुपए डालने का वायदा किया गया था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस देश के अधिसंख्यक लोगों ने मोदी की इस घोषणा पर एतबार कर लिया जिसका कारण यह था कि सदियों से गरीबी की मार झेल रही देश की जनता को इससे मुक्ति का बेसब्री से इंतजार था। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी की मार झेलने वाले देश के लोगों को लगा था कि मोदी को सत्ता सौंप कर उन्हें हर समस्या से निजात मिल जाएगी। भले ही कांग्रेस के कार्यकाल में रसोई गैस का सिलेंडर 450 और पेट्रोल 65 तथा डीजल 45 रहा हो जिसे लेकर भाजपा नेता सड़कों पर आए दिन प्रदर्शन करते दिखाई देते थे लेकिन जनता ने शायद यह कभी सोचा भी नहीं होगा कि उनका शासन आते ही उन्हें 95 रूपये पेट्रोल तथा 80-85 रुपए लीटर डीजल और 900 रूपये का गैस सिलेंडर मिलेगा। हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी दिलाने का संकल्प करने वाली भाजपा सरकार ने इसे कैसे सिद्ध किया और स्वरोजगार तथा पकोड़ा तलने के काम को भी रोजगार बताने वाले नेताओं के बयान खूब हाइलाइट होते रहे। भाजपा के शासनकाल में पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि पर अगर गौर किया जाए तो आज हर आम आदमी को यह बात समझ आ चुकी है कि एक हमले के जवाब में पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक तथा दूसरे हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके जिस तरह का प्रचार इनका किया गया वह भाजपा के प्रचार तंत्र पर इतनी भारी पड़ गई कि उन्हें घर-घर सिंदूर बांटने के अपने कार्यक्रम को ही रद्द करना पड़ा। इन 14 सालों में देश में जिस तरह एक बार फिर मंदिर-मस्जिद की राजनीति तथा हिंदू -मुस्लिम के मुद्दे को हवा दी गई और देश के समाज में विभाजन की खाई को गहरा और गहरा किया जाता रहा है उस पर आज सबसे अधिक चर्चा होना इस बात का प्रमाण है कि देश के लोग इन सब बातों से खुश नहीं है। सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाया जाना उसकी 11 साल की एक सबसे बड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि है लेकिन नोटबंदी से लेकरअन्य तमाम जितने भी फैसले किए गए हैं वह सभी शून्य ही साबित हुए हैं। विदेश नीति पर सरकार कितना सफल और असफल रही है इसका उदाहरण यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में भारत के साथ कोई एक भी देश खड़ा नजर नहीं आया भले ही यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ था लोग पूछ रहे हैं कि संकल्प से सिद्धि क्या है? सरकार ने अपने 11 सालों में 11 कार्य भी क्या किए हैं जो भारत को जनता के लिए याद रखने लायक हो।

# वाहन चोर गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बू पाण्डेय पुत्र स्व. देव पाण्डेय निवासी चन्द्रबनी रोड सेवला खुर्द पटेलनगर देहरादून द्वारा कोतवाली पटेलनगर पर आकर एक लिखित तहरीर दी कि चोर द्वारा उनके घर के बाहर से उनकी काले रंग की स्कूटी को चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शरू कर दी। घटना के अनावरण तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों से संदिग्धों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गई। संदिग्धों के प्राप्त हुलिये के सम्बन्ध में सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय तंत्र को भी सक्रिय किया गया। इसके साथ ही पूर्व में इस प्रकार के मुकदमों में जेल गये आरोपियों की वर्तमान स्थिती का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर माजरा क्षेत्र उस्मान पुत्र शहीद अहमद को चोरी की गयी स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा बताया गया कि वो नशे का आदी है तथा अपने नशे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उसके द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# दरकोट के आठ विद्यार्थियों को मिला बाला सिंह पांगती स्कॉलरशिप

संवाददाता

मुनस्यारी। 'आओं अपने गांव से जुड़े' अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरकोट तथा राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय दरकोट के आठ विद्यार्थियों को सर्वोत्तम अंक लाने पर स्वर्गीय बाला सिंह पांगती स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत करने के साथ एक सफल नागरिक बनने की अपील की गई। अधिक अंक लाकर सफल हुए विद्यार्थियों ने अपनी दिनचर्या बताकर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा देने का कार्य किया।



आओं अपने गांव से जुड़े अभियान के तहत दूसरे वर्ष दरकोट के पूर्व ग्राम प्रधान तथा समाज सुधारक स्व: श्री बाला सिंह पांगती की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रोंगणों डाव कुंदन सिंह पांगती, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रेलवे, हल्द्वानी, नवराज सिंह पांगती, सेवानिवृत्त प्रमुख वित्त सलाहकार, रेलवे, देहरादून,कवींद्र सिंह पांगती, मंडलीय प्रबंधक, भारतीय जीवन बीमा, निगम, हल्द्वानी द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक की छात्रा लक्ष्मी को 73 प्रतिशत, कक्षा 2 के पार्थ कुमार को 65 प्रतिशत,कक्षा 3 की अंजलि को 62 प्रतिशत, कक्षा 4 की सांची को 72 प्रतिशत, कक्षा 5 की भूमिका को 65 प्रतिशत तथा राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय दरकोट की कक्षा 6 की आरुषि को 73 प्रतिशत, कक्षा 7 की लक्षिता को 69 प्रतिशत, कक्षा 8 की दिया को 71 प्रतिशत अंक लाने पर स्वर्गीय बाला सिंह पांगती छात्रवृत्ति

## ❑'आओं अपने गांव से जुड़े' अभियान के तहत हुआ सम्मान समारोह

पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वर्गीय पांगती के पुत्र नवराज सिंह पांगती, कवींद्र सिंह सिंह पांगती तथा पुत्रवधू श्रीमती चित्रा पांगती के अलावा ग्राम प्रधान सावित्री पांगती सहित अन्य गणमान्यों द्वारा मेघावी छात्रों को सम्मानित करने की रस्म अदा किया गया। शिक्षक कुंवर सिंह भंडारी ने स्वर्गीय बाल सिंह पांगती के परिवारजनों के साथ ही अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध रंगकर्मी लक्ष्मण सिंह पांगती 'लछ बू' द्वारा किया गया। अभियान के संयोजक जगत मर्तोलिया ने कहा इस अभियान के अभिनव प्रयोग से पढ़ने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा और विद्यार्थियों में कंपटीशन की भावना पैदा होगी।

कार्यक्रम के आयोजक नवराज सिंह पांगती तथा कवींद्र सिंह पांगती ने कहा कि इस कार्यक्रम को हर वर्ष और बेहतर स्वरुप देकर आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू रावत, गीता टोलिया, चित्रा पांगती, हीरा सिंह भट्ट, प्रयाग सिंह पांगती, हीरा सिंह पांगती, भूपेंद्र सिंह पांगती, रिटायर्ड कैप्टन चन्द्र सिंह कार्की, लक्ष्मण सिंह सयाना, गंगा सिंह धर्मसक्तू, भूपेश सिंह पांगती, हंसा पांगती, यमुना देवी, खटीमा पांगती, नीतू सयाना, गीता देवी, संगीता देवी, भावना देवी आदि उपस्थित हुए।

# मनुष्य निमित मात्र है करने वाला परम पिता परमेश्वर ही है:धस्माना

संवाददाता

पौड़ी (घिंडवाडा)। कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि हम किसी भी कार्य के निमित बनते हैं करने वाला केवल और केवल परम पिता परमेश्वर ही होता है



आज यहां पौड़ी जनपद के कोट विकास खंड में प्रसिद्द डांडा का नागराजा मंदिर में वार्षिकोत्सव में मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सपरिवार पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना का मंदिर समिति की ओर से छेत्र के विकास में व घुंडवाड़ा में नारायण दत्त तिवारी सरकार के कार्यकाल में पंपिंग योजना स्वीकृत करवा का पूरे क्षेत्र को पेयजल की समस्या से निजात दिलवाने के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से अभिनंदन व स्वागत किया गया।

मंदिर समिति के संरक्षक सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि वर्ष 2004 में जब मंदिर के वार्षिकोत्सव में धस्माना मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे तो उन्होंने मंदिर में संकल्प लिया था कि वे पूरे क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल को दूर करने का प्रयास करेंगे और फिर मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री एन डी तिवारी के पास जा कर डांडा का नागराजा( घिंडवाडा )पेयजल पंपिंग योजना स्वीकृत करवाई जिसके कारण आज पूरे क्षेत्र को भरपूर पेयजल मिल रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनको इस सिद्ध पीठ का व इस क्षेत्र का जो संयोग से उनका ससुराल भी है सेवा करने का अवसर मिला। धस्माना ने कहा कि हम किसी भी कार्य के निमित बनते हैं करने वाला केवल और केवल परम पिता परमेश्वर ही होता है किन्तु वो हमको किसी भी कार्य करने के लिए साधन बनाता है और यही प्रेरणा यहां के पेयजल की समस्या के समाधान के लिए भगवान डांडा का नागराजा ने हमें दी और उसके लिए निमित बना कर यह कार्य संपन्न कराया। श्री धस्माना ने कहा कि आज पूरे राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा स्वास्थ्य व अन्य मौलिक सुविधाओं का बुरा हाल है जिसके कारण पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहा है और पहाड़ के गांव के गांव खाली होते जा रहे हैं।

उन्होंने मंदिर समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर समिति ने अपने अथक प्रयास से पूरे घिंडवाड़ा क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है और इस सिद्ध पीठ पर आने के लिए सड़क के कार्य को भी तेजी से करवाया जा रहा है। धस्माना ने कहा कि कथाव्यास स्वामी रसिक महाराज जैसे विद्वान वक्ताओं के आने से कार्यक्रम की भव्यता चार गुणा बढ़ जाती है। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा धस्माना व उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर पिंकी धस्माना, श्रीमती विजय लक्ष्मी धस्माना ,श्रीमती भावना धस्माना, श्रीमती उषा उनियाल व केशव स्वरूप ब्रह्मचारी, किशोर सिंह नेगी व नगर पालिका पौड़ी अध्यक्ष श्रीमती हिमानी नेगी को शाल पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश चमोली, सचिव राजेंद्र प्रसाद बिजलवान, कोषाध्यक्ष मुकेश बिष्ट व संयोजक वीरेंद्र प्रसाद भट्ट , श्रीमती हेमलता दुश्याल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खूबसूरती के लिए भी ऑक्सिजन

अगर ऑक्सिजन न होती तो जीवन न होता, यह तो हम जानते ही हैं। लेकिन ऑक्सिजन खूबसूरती के लिए भी जरूरी है। यही वजह है कि ऑक्सिजन फेशियल इन दिनों खूब पॉपुलर हो रहा है। इस फेशियल में ऑक्सिजन के जरिए डल स्किन को एनर्जेटिक बनाया जाता है। दरअसल प्रदूषण की वजह से स्किन को पूरी ऑक्सिजन नहीं मिल पातीए जो इस फेशियल के जरिए स्किन की तह तक पहुंचाई जाती है। इस फेशियल में न्यूट्रिशंस व विटामिंस आदि के सिरम को स्किन के अंदर तक पहुंचाया जाता है। इससे चेहरे पर आई बारीक लकीरें, झुर्रियां, ड्राइनेस वगैरह की परेशानी खत्म होती है और स्किन हेल्दी व यंग बनती है। इस फेशियल में एक मशीन के जरिए ऑक्सिजन के प्रेशर से स्किन में मॉइश्चराइजर प्रोटीन और दूसरे न्यूट्रिएंट्स डाले जाते हैं। इसके बाद कोलोजन मास्क का इस्तेमाल कर अधिक से अधिक ऑक्सिजन को स्किन की इंटरनल लेयर तक भेजा जाता है। दरअसल नेचरल हवा की जगह ऑक्सिजन डालने का मकसद इस हवा का सबसे शुद्ध होना है। इसमें इस्तेमाल किया जाने वाला अडवांस ऑक्सिजन वॉश चेहरे की गहराई से सफाई करता है। इसके तहत कई ट्रीटमेंट्स और हरेक का प्रोसेस व टाइम्स अलग होती हैं।

स्टाइल्स हेयर एंड ब्यूटी केयर सलून की ओनर व कॉस्मेटॉलॉजिस्ट मंजू रावत का कहना है कि यह फेशियल स्किन को गहराई तक साफकरता है। इसका 70 प्रतिशत रिजल्ट इसे करने के साथ ही आ जाता है और इससे लंबे समय तक चेहरा दमकता रहता है। इसे करने में लगभग डेढ़ से दो घंटे का वक्त लगता है। मंजू बताती हैंए इसमें दो मिनट तक ऑक्सिजन स्प्रे किया जाता है और फिर डर्माब्रेजन स्ब से डेड सेल को हटाया जाता है। स्किन को अगर जरूरत होती हैए तो स्टीम भी दी जाती है। इसके बाद दोबारा 1 से 2 मिनट तक ऑक्सिजन स्प्रे किया जाता है और फिर चेहरे पर मसाज की जाती है। अब चेहरे पर ऑक्सिजन व ग्लूकोज का पैक लगाकर फिर ऑक्सिजन स्प्रे किया जाता है।

इस तरह है फायदेमंद

स्किन के लिए ऑक्सिजन बेहद जरूरी है। इस फेशियल के जरिए ऑक्सिजन को स्किन के अंदर भेजा जाता हैए जिससे सेल्स मजबूत व हेल्दी बनते हैं। यह फेशियल ऐसे बैक्टीरिया बनने से रोकता हैए जिससे त्वचा में कई परेशानियां हो जाती हैं। यह चेहरे के दागींधब्बों को दूर करने के साथ इस पर आने वाली लकीरों और सूरज की किरणों से भी बचाता है।

तनाव को कम करने में भी यह बेहद कारगर है। इसके इस्तेमाल से त्वचा स्मूदए रिलैक्स्ड व रिंकल फ्री होती है।

इस फेशियल से त्वचा में नमी का बैलेंस बना रहता है और इसी के साथ यह इसके लिए प्यूरीफाइंगए क्लींजिंगए प्रोटेक्टिवए एंटिबैक्टीरियलए एस्टिंजेंट व मॉइश्चराइजिंग एजेंट का काम करता है। इस फेशियल से न केवल त्वचा का एक्स्ट्रा ऑयल सोखने की क्षमता हैए बल्कि यह डेड सेल्स को भी दूर करता है। रिंकल्स को रोकने में भी यह फेशियल फायदेमंद है। चेहरे पर झुर्रियां पड़ने का एक कारण नमी की कमी होना हैए जो इस फेशियल से दूर हो जाती है।

## बच्चों को दें सही आहार

हर प्रकार के आहार शिशु के स्वस्थ और उनके विकास के लिए ठीक नहीं होता हैं। जिस तरह कुछ आहार शिशु के स्वस्थ के लिए सही तो उसी तरह कुछ आहार शिशु के स्वस्थ के लिए बुरे भी होते हैं। बच्चों के आहार को ले कर हर माँ-बाप परेशान रहते हैं क्योंकि बच्चे खाना खाने में बहुत नखरे करते हैं। ऐसे में अगर बच्चे किसी आहार में विशेष रुचि लेते हैं तो माँ-बाप अपने बच्चे को उसे खाने देते हैं, फिर चाहे वो आहार शिशु के स्वस्थ के लिए भले ही अच्छा ना हो। उनका तर्क ये रहता है की कम से कम बच्चा कुछ तो खा रहा है पर यह सही नहीं है।

पौष्टिक आहार ना केवल शिशु को पोषण प्रदान करते हैं बल्कि उसके विकास में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

जिस प्रकार पौष्टिक आहार शिशु के स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं, उसके विकास के लिए जरूरी होते हैं ठीक उसी तरह कुछ ऐसे आहार होते हैं जो इसी का उल्टा काम करते हैं। ये आहार ना केवल शिशु के विकास को बाधित करते हैं बल्कि फूड प्वाइजनिंग का भी काम करते हैं।

क्या आप जानते हैं कि कुछ आहार ऐसे हैं जो शिशु के लिए फूड पाइजन हो सकते हैं।

छोटे बच्चों का पाचन तंत्र बाजार में मिलने वाले आहारों के लिए अभ्यस्त नहीं होता है। इस वजह से उन्हें कई बार अपच का सामना करना पड़ता है।

अगर अपने बच्चों की सेहत के प्रति जागरुक हैं तो आपको अपने बच्चों को स्वस्थ-आहार प्रदान करना पड़ेगा।

जिससे छोटे बच्चों के पाचन तंत्र पर अनचाहा दबाव ना पड़े, और उनकी विकास के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व उन्हें आहार से मिल सके।

एक अध्ययन के अनुसार बच्चों में 95: क्रॉनिक डिजीज की वजह गलत आहारों का चुनाव है।

इसका मतलब यह है कि हम अपने बच्चों को अधिकांश बीमारियों से बचा सकते हैं अगर हम केवल उन के आहार पर ध्यान दें तो।

शिशु का पाचन तंत्र बहुत संवेदनशील होता है। क्योंकि यह पूरी तरह विकसित नहीं है। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते जाते हैं उनका पाचन तंत्र विकसित होता जाता है।

इसलिए बहुत जरूरी है कि शुरुआती सालों में सही आहार दिया जाए ताकि उनका विकास अच्छी तरह हो सके, और उनका पाचन तंत्र ठीक रहे।

# प्याज के छिलके में विटामिन व पोषक तत्वों का भंडार



अक्सर आप सब्जियों के तना और छिलकों को कचरा समझकर फेंक देते होंगे लेकिन ऐसा करना आपकी सबसे बड़ी भूल है। सब्जियों के सभी भाग में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व उपस्थित होते हैं। यहां तक कि प्याज के छिलकों में भी। प्याज के छिलकों में विटामिन ए, सी, ई और कई तरह एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। प्याज के छिलकों में मुख्य रूप से फ्लेवोनोइड, एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाएं जाते हैं। ऐसे में हम आपको बता रहें हैं इसके इसे हेल्थ संबंधित फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका जिसके बाद आप दुबारा फेंकने की भूल नहीं करेंगे।

मांसपेशियों के दर्द में फायदेमंद

प्याज के छिलको में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट गुण मसल क्रैंप्स या मांसपेशियों में दर्द को कम करने का काम करता है। ऐसे में आप प्याज के छिलके को 10-20 मिनट के लिए पानी में उबालें। फिर इसे छान लें और सोने से पहले इसे चाय की तरह पिएं।

त्वचा में खुजली से राहत

प्याज में छिलकों में एंटी-फंगल गुण होते हैं। जो उन्हें एथलीट फुट समेत त्वचा की समस्याओं जैसे-खुजली से राहत दिलाने में प्रभावी काम करते हैं। राहत के लिए अपनी त्वचा पर छिलकों को पानी में उबाल कर लगा सकते हैं।



सूजन और कैंसर से बचाव

एक शोध में सामने आया है कि प्याज के छिलकों में प्रचूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है।

इसके साथ ही इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स, क्रेसेटिन और फीनोलिक शरीर में सूजन, कैंसर जैसी समस्याओं से बचाव में काफी कारगर साबित होते हैं।

गले की समस्याओं में राहत

प्याज के छिलकों को पानी में डालकर गरारा किया जाए या फिर चाय में उबालकर पिया जाए तो इससे गले की खराश व अन्य समस्याओं से राहत मिलती है। सर्दी-जुकाम में गले में दर्द रहता है। प्याज के छिलकों को पानी के साथ उबालकर उससे गरारा करने से तुरंत फायदा मिलता है।

अनिद्रा की समस्या में फायदेमंद

प्याज के छिलके अनिद्रा में प्राकृतिक प्रेरक का काम करती है। यदि आपको नींद नहीं आती है या बार-बार टूट जाती है तो इनके छिलकों से तैयार चाय आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

हार्ट की समस्या

प्याज के छिलकों को पानी में डालें और उसे अच्छी तरह से उबाल ले इसके बाद इसको छानकर गर्म-गर्मी पिएं। ऐसा करने से आपकी हार्ट की समस्या दूर होती है।

आंखों की रोशनी बढ़ाने में उपयोगी

प्याज के छिलकों में भरपूर मात्रा में विटामिन सी व ए पाया जाता है। और यह दोनो ही विटामिन आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी होते हैं। आंखों को हेल्दी रखने के लिए आप इससे तैयार चाय का सेवन कर सकत हैं।

त्वचा के लिए

दमकती त्वचा पाने के लिए प्याज के छिलकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए प्याज के रस को हल्दी में मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। ऐसा करने से चेहरे के दाग-धब्बों दूर होते हैं। प्याज के छिलकों का रस डेड स्किन को बाहर निकलाने में मददगार माना जाता है। इससे न सिर्फ स्कीन साफ होगी बल्कि त्वचा भी चमकदार बनेगा।

कैसे बनाएं प्याज के छिलकों की चाय?

सामग्री

3 से 4 मीडियम आकार के प्याज के छिलके

2 कप पानी

1 चम्मच शहद

कैसे करें तैयार

- प्याज के छिलकों से चाय बनाने के लिए छिलकों को पानी में अच्छी तरह से साफ कर लें।
- अब पानी में इसे उबाल लें।
- इसे तब तक आंच पर चढ़ा रहने दें जब तक पानी का रंग न बदलने लगे।
- फिर इसे कप में छानकर स्वादानुसार शहद मिलाकर पी जाएं।

# सोने से पहले पिएं हल्दी दूध, होंगे कई फायदे



मां हमें बचपन से ही सोते वक्त दूध का एक ग्लास थमा देती थी। तब हमारे नखरे भी होते थे। सो हम बिना बॉर्नविटा या हॉर्लिक्स के दूध छूते भी नहीं थे। वहीं सर्दियों में मां बॉर्नविटा या हॉर्लिक्स की जगह दूध में हल्दी मिलकार देती थी। इससे सर्दी ठीक हो जाती थी।

ऐसे में हल्दी-दूध को लेकर हमारे मन में ये बात बैठ गई कि इसे केवल सर्दियों में पिया जाता है। जबकि हल्दी-दूध इतना फायदेमंद होता है कि इसे आप रोज पी सकते हैं। असल में दूध जहां कैल्शियम से भरपूर होता है वहीं हल्दी में एंटीबायोटिक होता है। इन दोनों को साथ में पिया जाए तो फायदा दोगुना हो जाता है।

- शरीर का दर्द कम करता है हल्दी-दूध - गठिया रोगियों के लिए फायदेमंद होता है -हड्डियों में होने वाले नुकसान और ऑस्टियोपोरेसिस की समस्या में कमी आती है - पाचन संबंधी समस्याओं में लाभकारी - आंतों को स्वस्थ बनाने के साथ पेट के अल्सर और कोलाइटिस के उपचार में भी मददगार - हड्डियां मजबूत होती है और साथ ही शरीर का रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है - सांस संबंधी समस्याओं में लाभकारी - शरीर में जमी अतिरिक्त चर्बी घटती है।

# भारत 4.19 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के साथ विश्व में चौथे नंबर पर

अजय दीक्षित

अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के भारत की बढ़ती अर्थ व्यवस्था 4.19 ट्रिलियन डॉलर होगयी है और विश्व में चौथे नंबर की इकोनॉमी है जो जापान के बराबर है।भारत से आगे सभी विकसित देशों में होड़ है । तीसरे स्थान पर जर्मनी है जो भारत से कुछ ही आगे 4.77ट्रिलियन डॉलर, दूसरे स्थान पर चीन 19 ट्रिलियन डॉलर, पहले स्थान पर अमेरिका तीस ट्रिलियन डॉलर है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की रिपोर्ट कहती है कि भारत ने कृषि, ऑटोमोबाइल, पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, हैवी इंडस्ट्री, विशेषकर डिजिटल, बैंकिंग, सॉफ्टवेयर के क्षेत्र,सड़क परिवहन निर्माण, कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य किया है। अब भारत का आयात और निर्यात लगभग बराबर है। भारत ने सिंचाई परियोजना, बांध, हाइड्रल पावर स्टेशन, रेलवेज, वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र को भी विकसित किया हैनेपाल,भूटान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, कनाडा, श्रीलंका,आदि देश पूरी तरह व्यवसायिक रूप से भारत पर निर्भय है।भारत ने मिसाइल, सेटेलाइट स्टेशनों से संबंधित आय बढ़ाई है।भारत के मेडिकल कॉलेज, विश्व में सबसे ऊंचे स्थान पर हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत आगामी तीन साल में जर्मनी से आगे निकल जाएंगे। क्योंकि भारत बहुत बड़ा बाजार है।बड़े बड़े देश भारत में व्यापार करना चाहते हैं।

वस्त्र उद्योग में भी भारत ने बहत्तर कार्य किया है। खाद्य तेल और औषधियों के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर है जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है और यह आबादी ही बरदान साबित हुई है।भारत सबसे युवा देशों में शुमार है। अभी जनसंख्या दर 2.1 है। अनुमान है 2050 में जनसंख्या में स्थिरांक आएगा और तब आबादी कम होना शुरू होगी । अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के विशेषज्ञ मानते है कि चीन की जीडीपी लगातार गिर रही है जबकि भारत की जीडीपी लगातार बढ़ रही है।अब अंतरदेशीय पटल पर भारत,चीन, अमेरिका का मौका बाला है। चाइना ने पिछले बीस साल में उल्लेखनीय उन्नति की है।



लोहा, सीमेंट, हैवी इंडस्ट्री, एयरोस्पेस, आर्म्स, रक्षा उत्पादों में बहुत आगे है और मध्य एशिया, अफ्रीका, और यूरोपीय देशों में निर्यात करने में माहिर हैं।यहां पर लेबर स्किलनेस बहुत पुरानी है।दरअसल चाइना की सभ्यता भी बहुत पुरानी है। चाइना कभी गुलाम या उप निवेश नहीं रहा ।1949 में यहां क्रांति हुई और माओ के नेतृत्व में सोवियत संघ से प्रेरित होकर साम्यवादी व्यवस्था लागू हुई चाइना की एक मात्र कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना अभी भी सत्ता में है।यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था की तरह चुनाव नहीं होते हैं। जिनपिंग पिछले 20 वर्षों से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के महासचिव भी हैं और देश के राष्ट्रपति भी । चाइना अब रूस से भी आगे निकल चुका है क्योंकि उसने खुली अर्थ व्यवस्था भी समय के साथ अपनाली ।दूसरे बढ़ती जनसंख्या पर भी लगाम लगाई। दंपतियों को एक बच्चा करने की इजाजत थी । चाइना में धर्म समुदाय के नाम पर सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं होते हैं कहने का मतलब है कि चाइना ने ऐसा बतावरण बनाया कि वह तरक्की दर तरक्की करता रहा है। अर्थ व्यवस्था उसकी 19 ट्रिलियन डॉलर की है जो दूसरे स्थान पर है। अंतरिक्ष से जमीन तक सब उपकरण, चाइना में बनते हैं। अमेरिका तो 1768 से लोकतांत्रिक व्यवस्था है। अमेरिका का ढांचा कुछ इस तरह का है कि वह वास्तव में खुली अर्थ व्यवस्था है। विदेश, संचार,रक्षा, और वित्त ही फेडरल सरकार के विषय है और बाकी सब पर स्टेट का अधिकार है। इस लिए उनकी अर्थ व्यवस्था मजबूत है और तीस ट्रिलियन डॉलर के करीब है। यूएसए बहुत अधिक उन्नत शील है।एक तरह से विश्व का नेता है। बहुत बड़ा निर्यातक देश है।उनकी संस्थित नासा, खोजी है। इतना ही नहीं जितने भी मॉर्डन आविष्कार हुए हैं वे अधिकतर अमेरिकन वैज्ञानिकों ने किए हैं।आज यूएसए में बने लड़ाकू विमानों की पूरे विश्व में बहुत मांग है, उसके रक्षा उत्पादों के खरीदारों लाइन लगी है।

सऊदी अरब कतर यमन दोहा कुवैत, पोलैंड चेकोस्लोवाकिया ब्रिटेन जापान स्पेन रूस यूक्रेन, इटली फ्रांस जर्मनी सभी देशों में उसके बनाए हजारों उत्पादों का बाजार है। नाटो का नेता अमेरिका ही है। अमेरिका में सैकड़ों देशों के लोग कार्य करते हैं जिनमें अधिकतर अपने जीवन का सपना पूरा करने के लिए वहां जा बसे हैं।खाद्यान्न, पेट्रोलियम पदार्थों,मेवा, ऑटो मोबाइल, खाद्यतेलों, बटर,शराब,फल, रक्षा उपकरण,का सबसे बड़ा उत्पादक है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# रोजाना दूध वाली चाय पीने से हो सकते हैं ये दुष्प्रभाव, जानें कैसे



दूध वाली चाय का सेवन बहुत से लोग सुबह के समय करते हैं। यह न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व भी होते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि रोजाना दूध वाली चाय पीने से क्या-क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

इस लेख में हम आपको उन पांच गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं। इन दुष्प्रभावों को जानकर आप अपनी आदतों में बदलाव ला सकते हैं।

पाचन तंत्र पर पड़ता है बुरा असर

दूध वाली चाय का सेवन पाचन तंत्र पर बुरा असर डाल सकता है।

इसमें मौजूद कैफीन और दूध की मात्रा मिलकर पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे पेट दर्द, गैस, अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इसके अलावा दूध और चाय के मिश्रण से पेट में जलन भी बढ़ सकती है, जिससे असुविधा हो सकती है।

अगर आप रोजाना ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

शरीर में आयरन की कमी होना

दूध वाली चाय में मौजूद एक तत्व आयरन को शरीर में जाने से रोकता है। इससे शरीर में आयरन की कमी हो सकती आयरन की कमी के कारण थकान, कमजोरी और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

नींद में आती है दिक्कत

दूध वाली चाय में मौजूद कैफीन नींद में खलल डाल सकता है। इससे नींद पूरी नहीं होती और व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है। इसके अलावा कैफीन के ज्यादा सेवन से नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको बेहतर होगा कि आप रात को सोने से पहले चाय न पिएं।



वजन बढ़ना

दूध वाली चाय का लगातार सेवन वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। इसमें मौजूद चीनी और वसा वजन बढ़ाने वाले कारक हो सकते हैं।

इसके अलावा दूध और चाय के मिश्रण से पेट फूलना और अपच जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

बेहतर होगा कि आप बिना चीनी वाली काली चाय का सेवन करें।

दांतों को हो सकता है नुकसान

दूध वाली चाय दांतों के लिए भी नुकसानदायक हो सकती है।

इसमें मौजूद चीनी और एसिड दांतों को कमजोर बना सकते हैं, जिससे दांतों में छेद जैसी समस्या हो सकती है। इसके अलावा दूध और चाय के मिश्रण से दांतों में संवेदनशीलता बढ़ सकती है, जिससे दर्द या असुविधा हो सकती है। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -64

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |



# हरि हर वीरा मल्लू की पहली झलक आई सामने

साउथ पावरस्टार पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू भाग 1 की झलक इसके आधिकारिक सोशल अकाउंट पर साझा की गई है, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है।

हरि हर वीरा मल्लू एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हरि हर वीरा मल्लू के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक जीआईएफ शेयर किया गया है, जिसमें पवन की पीठ नजर आ रही है और एक बड़ा सा पक्षी उनके कंधे पर आकर बैठ जाता है, जैसे कि वह एक्टर का दोस्त हो। यह पंछी चील है या बाझ यह समझना थोड़ा मुश्किल है क्योंकि जीआईएफ में सामने की झलक नहीं दिखाई गई है।

इस छोटे से जीआईएफ की झलक पाकर पवन के फैंस बेहद खुश और उत्साहित हैं। इस खास झलक के साथ कोई भी कैप्शन नहीं लिखा है बस आग, धनुष-तीर, तलवार और एक पक्षी की इमोजी बनी हुई है और साथ ही लिखा है

हरि हर वीरा मल्लू के इस जीआईएफ को अभी तक एक्स पर 344.1 के लोगों ने देखा है। एक फैन ने लिखा, पवनोत्सवम शुरू-हरिहरवीरमल्लू, एक और फैन ने लिखा, बहुत शानदार मजा आ गया, एक और फैन ने लिखा, सुपरहिट

हरि हर वीरा मल्लू का निर्देशन कृष जगरलामुडी और एएम ज्योति कृष्णा ने किया है। इसकी पटकथा जगरलामुडी और साईं माधव बुर्रा ने मिलकर लिखी है। यह फिल्म महान डाकू वीरा मल्लू के जीवन को दर्शाती है। कथित तौर पर इस फिल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नरगिस फाखरी और नोरा फतेही भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 17वीं शताब्दी के मुगल साम्राज्य पर आधारित है। (आरएनएस)

# गिन्नी वेड्स सनी के सीक्वल का ऐलान, अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की बनी जोड़ी

फिल्म निर्माता विनोद बच्चन ने अपनी आगामी कॉमेडी-रोमांटिक ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सनी के सीक्वल गिन्नी वेड्स सनी 2 की घोषणा की है। फिल्म की घोषणा के साथ ही फिल्म निर्माता ने फिल्म की स्टार कास्ट से भी पर्दा उठा दिया है और साथ ही शूटिंग की जानकारी भी शेयर की है।

गिन्नी वेड्स सनी का प्रीमियर २०२० में नेटफ्लिक्स पर हुआ था। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में विक्रांत मैसी और यामी गौतम की जोड़ी देखने को मिली थी। अब आज इसके सीक्वल की घोषणा हो चुकी है, जिसमें नई स्टार कास्ट के बारे में भी जानकारी दी गई है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म को प्रशांत झा ने लिखा है और इसका निर्देशन भी वहीं करेंगे। फिल्म का निर्माण विनोद बच्चन के सौंदर्य प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है।

गिन्नी वेड्स सनी के सीक्वल में एक नई मुख्य जोड़ी नजर आएगी। वहीं इस रोम-कॉम की शूटिंग उत्तराखंड में शुरू हो चुकी है, जिसे लेकर निर्माताओं ने क्लैप बोर्ड पकड़े स्टार कास्ट के साथ एक तस्वीर भी शेयर की है। इस फिल्म में उत्तराखंड के हसीन लोकेशन को दिखाया जाएगा। अविनाश ने अपनी आगामी फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 को लेकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा के रोलरकोस्टर के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि गिन्नी वेड्स सनी 2 का पहला शेड्यूल आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। एक अद्भुत टीम के साथ इस सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। (आरएनएस)

# द ट्रेटर्स से एक्टिंग में डेब्यू करने जा रहीं अंशुला कपूर

फिल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर की बेटी और अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर अब अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अंशुला प्राइम वीडियो की सीरीज द ट्रेटर्स' से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, जिसे करण जौहर होस्ट करेंगे।

होस्ट करण जौहर ने सीरीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अंशुला से पूछा, क्या आप गेम में आगे बढ़ने के लिए किसी को धोखा दे सकती हैं?

जवाब देते हुए अंशुला ने बताया, आपने मुझे मासूम और शांत कहा, मैं ऐसी दिख सकती हूं, मैं प्यारी भी दिख सकती हूं, लेकिन एक्टिंग तो मेरे खून में है। मैं आत्मविश्वास से भरपूर हूं और यही मेरी खूबी है।

ट्रेलर लॉन्च के दौरान करण जौहर ने बताया कि यह शो झूठ, धोखे और ड्रामे से भरा है। वह न सिर्फ गेम को कंट्रोल करेंगे, बल्कि २० प्रतियोगियों के बीच होने वाले झगड़े और साजिशों को भी करीब से देखेंगे।

प्राइम वीडियो इंडिया के हेड ऑफ ओरिजिनल्स निखिल माधोक ने कहा, प्राइम वीडियो पर हम हमेशा कुछ नया और अलग पेश करने की कोशिश करते हैं। द ट्रेटर्स के साथ हम एक ऐसे फॉर्मेट में उतर रहे हैं जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रेलर तो सिर्फ एक झलक है। यह एंटरटेनमेंट को एक नए लेवल पर ले जाएगा। यह ट्रस्ट और धोखे की सबसे बड़ी परीक्षा है, जहां खिलाड़ी हर वक्त शक और साजिश के माहौल में खेलते हैं और उनका माइंड ही उनका सबसे बड़ा हथियार होता है। हमें इस शानदार प्रोजेक्ट पर काम करने की खुशी है।



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर रियलिटी शो द ट्रेटर्स' के भारतीय वर्जन में २० मशहूर हस्तियां हैं, जिनमें अंशुला कपूर के साथ अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जानवी गौर, जैस्मीन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद समेत अन्य के नाम शामिल हैं।

ये २० कंटेस्टेंट राजस्थान के शानदार सूर्यगढ़ पैलेस में नकद पुरस्कार और खिताब जीतने के लिए आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

यह शो 12 जून से शुरू होगा और हर गुरुवार रात 8 बजे प्राइम वीडियो पर इसका प्रीमियर होगा।

# तृप्ति डिमरी ने स्पिरिट में ली दीपिका पादुकोण की जगह

पिछले दिनों ये खबर आई थी कि एनिमल के निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की अगली फिल्म स्पिरिट से दीपिका पादुकोण को बाहर कर दिया गया है। हालांकि, इसके बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई थी, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका की बढ़ती शर्तों की वजह से फिल्म से उनकी छुट्टी हुई। अब इस फिल्म की हीरोइन को लेकर नया खुलासा हुआ है। खुद निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने बता दिया कि तृप्ति डिमरी स्पिरिट की हीरोइन होंगी।

तृप्ति का नाम इस फिल्म से 2 साल पहले जुड़ा था। यह तब की बात है, जब फिल्म एनिमल रिलीज हुई थी, जिसके निर्देशक वांगा ही थे। इस फिल्म में बोल्डनेस का तड़का लगाने के चलते तृप्ति रातों-रात स्टार बन गई थी। तब खबरें आई थीं कि संदीप अपनी फिल्म स्पिरिट में तृप्ति के नाम पर विचार कर रहे हैं और वह इसमें प्रभास के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं। हालांकि, उनकी कास्टिंग को लेकर सस्पेंस बरकरार था।

पिछले दिनों खबर आई कि निर्माता-निर्देशक इस फिल्म में दीपिका की जगह अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत से बात कर रहे हैं।

रुक्मिणी ने फिल्म सप्त सागरदाचे एलो



में काम किया था और उसी से वह लोकप्रिय हुई थीं। उन्हें फिल्म में लेने की चर्चा जोरों पर थी।

दीपिका ने फिल्म छोड़कर सबको हैरान कर दिया था, क्योंकि प्रशंसकों को उम्मीद थी कि कल्कि 2898 एडी के बाद वह एक बार फिर प्रभास के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाएंगी। स्पिरिट टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी के साथ अंतरराष्ट्रीय भाषाओं जापानी, चीनी और कोरियाई भाषा में भी रिलीज की जाएगी।

फिल्म में प्रभास डबल रोल में होंगे और यह पहला मौका होगा, जब वह पर्दे पर दोहरी भूमिका निभाते दिखेंगे। उनकी एक भूमिका हीरो की तो एक खलनायक की होगी। फिल्म का बजट ३०० करोड़ रुपये बताया जा रहा है। तृप्ति जल्द ही करण जौहर की फिल्म धड़क 2 में दिखाई देंगी, जो उनकी फिल्म धड़क का सीक्वल है।

इस फिल्म में तृप्ति अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ इश्क लड़ाती नजर आएंगी। फिल्म के 16 दृश्यों पर सेंसर बोर्ड ने कैंची चलाई है। इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है।

# होटल प्रबंधन संस्थान में करियर निर्माण- सीमाओं को तोड़कर परिवर्तन की नयी राह

ज्ञान भूषण, डॉ प्रतीक घोष

नयी ऊर्जा से भरपूर वैश्विक आतिथ्य उद्योग के विस्तार के साथ भारत आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल पेशेवर कर्मियों का शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) इस सिलसिले को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। इन संस्थानों को बहुत लंबे समय से उत्कृष्टता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इन संस्थानों में अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। ऐसे में इच्छुक छात्रों के लिए आतिथ्य के क्षेत्र में संतोषजनक करियर बनाने पर विचार करने का इससे बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता।

होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्म शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निर्देशों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाए जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके।

### उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना

होटल प्रबंधन संस्थान आतिथ्य उद्योग के साथ संबंधों को मजबूत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां जो पढ़ाया और सिखाया जा रहा है उसमें उद्योग की अपेक्षाएं प्रदर्शित हों। इस तरह की साझेदारी से पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ती है, छात्रों को उद्योग जगत का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार के लिए उनका आसानी से प्लेसमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रयास में ताज, मैरियट, ओबेरॉय, आईटीसी जैसे होटल ब्रांड और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं। वे इंटर्नशिप, भर्ती सहायता और मेंटरशिप के अवसर प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और प्रमुख होटल श्रृंखलाओं के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर इस सहयोग को और मजबूत करता है जिससे छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से संकाय-उद्योग संपर्क, संयुक्त रूप से अनुसंधान और सीखने के व्यावहारिक अनुभव के लाभ मिल पाते हैं।

### पाठ्यक्रम अद्यतन करने के लिए कार्य बल

एक समर्पित कार्य बल ने नए-नए विषयों को शामिल करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया है ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य बनाया जा सके। इसमें आतिथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग, सतत पर्यटन से लेकर सांस्कृतिक विविधता प्रबंधन तक विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। इस तरह यह पाठ्यक्रम अब यह दर्शाता है कि 21वीं सदी में कार्य करने वाले कर्मियों की आवश्यकताएं क्या होंगी। छात्रों को न केवल मुख्य तौर पर होटल संचालन में बल्कि व्यवहार कुशलता, उद्यमिता और उभरती हुई तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। ये ऐसे कौशल हैं जो उन्हें बहुमुखी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के योग्य बनाते हैं।





### प्रवेश में वृद्धि के लिए उठाए गए कदम

होटल प्रबंधन संस्थानों ने इस क्षेत्र में काम करने की अधिक सामर्थ्य और संभावना वाले छात्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता की पहचान करते हुए प्रवेश में वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें शामिल हैं:

विद्यालयों और कैरियर मेलों में जागरूकता अभियान।

आतिथ्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच।

डिजिटल मंचों पर उपस्थिति में वृद्धि, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विवरण की जानकारी आसानी से मिल जाती है।

इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान प्रवेश की प्रक्रिया (एनसीएचएम-जेईई) को सुव्यवस्थित करने, इसमें पारदर्शिता, कुशलता बढ़ाने और छात्रों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां

प्लेसमेंट में निरंतरता के प्रदर्शन के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों की व्यापक रूप से प्रतिष्ठा है। इनके अंतिम वर्ष के छात्रों को शीर्ष आतिथ्य श्रृंखलाओं, एयरलाइनों, क्रूज लाइनों और बहुराष्ट्रीय निगमों में नियुक्त किया जाता है। होटल प्रबंधन संस्थानों में बने प्लेसमेंट सेल उद्योग जगत के साथ सक्रियता से जुड़े रहते हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि उनके स्नातकों के लिए शानदार नौकरियों के प्रस्ताव सुरक्षित हों। उदाहरण के लिए, इस वर्ष डॉ. अंबेडकर होटल प्रबंधन संस्थान (एआईएचएम) चंडीगढ़ ने एक छात्र एक प्लेसमेंट का शानदार शत-प्रतिशत रिकॉर्ड हासिल किया। इस क्षेत्र में क्रूज लाइनरों की रुचि एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जो अब नियमित रूप से कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते हैं और छात्रों को दुनिया भर के लग्जरी जहाजों पर रोमांचक अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसर प्रदान करते हैं।

### वैश्विक संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

होटल प्रबंधन संस्थानों ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस क्रम में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के साथ उल्लेखनीय साझेदारी से अकादमिक आदान-प्रदान, शोध सहयोग और वैश्विक नेटवर्किंग संभव हो सका है। वहीं, छात्रों को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बर्मिंघम और मॉरीशस के मैरियट होटलों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप कार्यक्रमों से भी लाभ मिलता है, जहां उन्हें आतिथ्य के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है और जानकारी मिलती है। ये सहयोग छात्रों के जीवन और कार्यों के विवरण में बहुत अधिक महत्वपूर्ण बिन्दु जोड़ते हैं और उनके करियर के क्षितिज का विस्तार करते हैं।

### संकाय विकास और नवाचार संस्कृति

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत उत्कृष्ट शिक्षकों से होती है। शिक्षक और संकाय सदस्य उद्योग जगत की दृष्टि से प्रासंगिक बने रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि होटल प्रबंधन संस्थानों ने शीर्ष होटल ब्रांडों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर संकाय विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस दौरान संकाय सदस्यों को नवीनतम उपकरणों, शैक्षणिक तकनीकों और आतिथ्य संबंधी रुझानों से परिचित कराया जाता है जिनके संबंध में वे पुनः कक्षाओं में इस्तेमाल करते हैं। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान छात्रों को स्टार्ट-अप परियोजनाओं, शोध और उद्यमिता में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करके नवाचार और उन्हें इस क्षेत्र के लिए विकसित करने की संस्कृति का पोषण कर रहे हैं। संस्थानों में समर्पित इन्क्यूबेशन केंद्र छात्रों को खाद्य प्रौद्योगिकी, सतत पर्यटन और सेवा-क्षेत्र में नवाचार में आशाजनक उद्यमों के लिए मार्गदर्शन और प्रारंभिक वित्तपोषण प्रदान करते हैं।

### विशेष सहयोग और रणनीतिक गठबंधन

होटल प्रबंधन संस्थान पारंपरिक आतिथ्य क्षेत्र के बाहर भी अनूठी साझेदारी की खोज कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, रक्षा बलों के साथ सहयोग, जिसके अंतर्गत रक्षा कर्मियों के लिए कौशल और उन्हें पुनः कुशल बनाने संबंधित कार्यक्रमों को चलाने के उद्देश्य से पुनर्वास महानिदेशालय के साथ मिलकर काम, प्रशिक्षण के लिए नए क्षेत्रों की शुरूआत और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को सुविधाजनक बनाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, भारतीय पाककला संस्थानों (आईसीआई) में की गई पहल पाककला शिक्षा को एक विशेष क्षेत्र के रूप में सुदृढ़ कर रही है, जिससे छात्रों के लिए उपलब्ध पेशेवर कार्यों के रास्तों की विविधता बढ़ रही है।

### होटल प्रबंधन संस्थान क्यों चुनें?

होटल प्रबंधन संस्थान से डिग्री हासिल करना केवल एक योग्यता नहीं है - यह एक प्रतिष्ठित, लोगों पर केंद्रित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक पेशे का प्रवेश द्वार है। इसमें छात्र आतिथ्य, विमानन, स्वास्थ्य सेवा, खुदरा और पर्यटन सहित कई उद्योगों में लागू होने वाले कौशल विकसित करते हुए वास्तविक दुनिया के वातावरण में फलना-फूलना सीखते हैं। होटल प्रबंधन संस्थान रोजगार, प्रौद्योगिकी और वैश्विक तत्परता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ परिवर्तनकारी शिक्षा का अनुभव प्रदान कर रहे हैं जो छात्रों को नेतृत्व की भूमिकाओं और उद्यमशीलता की सफलता के लिए तैयार करता है।

आतिथ्य उद्योग आज करियर के कुछ बेहद रोमांचक, तेज-तर्रार और प्रतिष्ठित अवसर प्रदान करता है। उनके लिए असीमित संभावनाएं हैं- चाहे वह लग्जरी होटल का प्रबंधन करना हो, विश्व स्तरीय अतिथि अनुभव डिजाइन करना हो, अंतर्राष्ट्रीय क्रूज लाइनरों पर काम करना हो, या अपना खुद का पाक उद्यम या इवेंट मैनेजमेंट फर्म चलाना हो। होटल प्रबंधन संस्थान रणनीतिक तौर पर अद्यतन होने के साथ ही, उद्योग जगत के साथ मजबूत भागीदारी और छात्र-प्रथम दृष्टिकोण के साथ आतिथ्य के क्षेत्र में शानदार करियर के लिए आदर्श लॉन्चपैड हैं। इस प्रकार, होटल प्रबंधन संस्थान के माध्यम से विश्व स्तरीय करियर निर्माण की गारंटी के लिए समय पर कदम उठाना सार्थक होगा। इसे इस प्रकार अच्छी तरह से व्यक्त किया गया है कि, जो कुछ करना है वह एक मिनट देर से करने से बेहतर है कि तीन घंटे पहले कर लें।

लेखकः (आईईएस), वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, पर्यटन मंत्रालय और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी), भारत सरकार तथा विभागाध्यक्ष, डॉ अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, चंडीगढ़।

## सू- दोकू क्र.64

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.63का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# दो मोटरसाईकिलों की टक्कर में एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। दो मोटरसाईकिल की टक्कर में एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कारबारी निवासी सुमित कश्यप अपनी मोटरसाईकिल से घर की तरफ आ रहा था जब वह झिबरेहडी के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही मोटरसाईकिल सवार ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी जिससे सुमित गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छिददरवाला निवासी केशर सिह पैदल नैपाली फार्म की तरफ जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 'थार' किराये पर लेकर वापस ना करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। थार किराये पर लेकर वापस ना करने पर नागालैण्ड निवासी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रहमावाला खाला निवासी मुकेश कुमार ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका वाहन किराये पर देने का कार्य है। उसने बताया कि नागालैण्ड निवासी हानलोग उसके पास आया और उससे थार कार किराये पर लेकर चला गया लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी थार वापस नहीं की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कम्प्यूटर कोर्स को गयी नाबालिग लापता

संवाददाता

देहरादून। कम्प्यूटर कोर्स को गयी  नाबालिग के लापता होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्द्राकालोनी निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि  उसकी नाबालिग बेटी कम्प्यूटर कोर्स के लिए घर से निकली थी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं आयी तो उसने उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# परिषद ने मोदी सरकार के 11 वर्षो को बताया निराशाजनक

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने मोदी सरकार के 11 वर्षो को निराशाजनक बताया। आज यहां  उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद द्वारा मोदी सरकार के 11 वर्ष होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसको निराशाजनक बताया। मोदी सरकार मोर्चे पर असफल रही है। मोदी ने कहा था की बुलेट ट्रेन चलाएंगे जो की घोषणा पूरी नहीं हुई काला धन वापस लाएंगे लेकिन वह भी नहीं आया ना ही विजय माल्या, ललित मोदी, राहुल चौकसी आज तक नहीं आए। देश में मोदी सरकार को असफल बताने वालों में संयुक्त परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल, संरक्षक नवनीत गुसाई, धर्मानंद भट्ट, जगमोहन रावत, सुरेश कुमार आदि शामिल हुए।

# चरस के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने  चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने बाईपास फ्लाईओवर के पास एक मोटरसाईकिल सवार दो लोगों को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख मोटरसाईकिल तेजी से भगा ले गये। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 262 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अहेतशाम पुत्र शमीम व आसिफ पुत्र रिजवान दोनों निवासे देवबंद  सहारनपुर हाल निवासी पथरीबाग बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मुख्य सचिव ने राज्य के मुद्दों पर विभिन्न केंद्रीय सचिवों से की भेंट

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने राज्य से जुडे मुद्दों पर विभिन्न केन्द्रीय सचिवों से भेंट की।

आज यहां  मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन सचिव  समीर कुमार सिन्हा से भेंट की, जिसमें पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की। सचिव सिन्हा ने आश्वस्त किया कि आगामी छः माह में पंतनगर एयरपोर्ट का निर्माण हेतु ठपककपदह च्तवबमे  प्रारंभ कर लिया जाएगा। मुख्य सचिव ने देहरादून एयरपोर्ट पर देर रात्रिकालीन लैंडिंग की सुविधा हेतु भी अनुरोध किया। साथ ही हेली एम्बुलेंस सेवा को पुनः आरंभ करने, एवं पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के सुदृढ़ीकरण को लेकर भी आग्रह किया, जिस पर नागरिक उड्डयन सचिव ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। केदारनाथ में हुई हेलीकॉप्टर की क्रॉस लैंडिंग की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव ने यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से यथोचित कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। रोपवे और जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय क्लीयरेंस का अनुरोध किया गया। मुख्य सचिव ने वन एवं पर्यावरण सचिव श्री तनमय कुमार से भेंट कर त्यूणी-प्लासू जल विद्युत परियोजना, ऋषिकेश-नीलकंठ रोपवे प्रोजेक्ट, एवं सिरकारी भ्योल रूपासिया बगड़ जलविद्युत परियोजना के लिए वन



स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव  श्रीनिवास कटिकिथला से मुलाकात कर आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को दिल्ली-मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार और ऋषिकेश तक विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया। यह प्रस्ताव परीक्षण और दृश्यता रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वयन हेतु दिया गया। साथ ही देहरादून शहर में ट्रैफिक जाम और सार्वजनिक परिवहन की समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव के लिये अनुरोध किया। मुख्य  सचिव  ने पेयजल एवं स्वच्छता सचिव  अशोक केके  मीणा के साथ बैठक कर राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लंबित ध नराशि लगभग 3000 करोड अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत चार धाम यात्रा के दौरान ठोस स्वच्छता प्रबंधन व्यवस्था हेतु विशेष ध्यान देने की बात रखी। मुख्य सचिव ने रक्षा सचिव  राजेश कुमार सिंह से मुलाकात कर राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के अंतर्गत भारतीय वायुसेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ किए जाने का अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने एमएसएमई सचिव सुभाष चंद्र लाल दास से मुलाकात कर, पूर्वोत्तर राज्यों के भांति उत्तराखण्ड राज्य को एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत तक लागत सहायता धनराशि के लिय अनुरोध किया।  राज्य में फ्लैट फैक्ट्री एवं टूल रूम और प्रौद्योगिकी विकास केंद्र, टेस्टिंग पैकेजिंग सेंटर जैसे केंद्रों को विकास करने हेतु अनुरोध किया गया। मुख्य सचिव  आनन्द बर्द्धन ने ग्रामीण विकास सचिव  शैलेश कुमार सिंह से मुलाकात कर मनरेगा के तहत 270 करोड़ रुपए की लंबित राशि को अवमुक्त करने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त 'हाउस ऑफ हिमालय' को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि उत्तराखण्ड के हस्तशिल्प, उत्पादों और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान मिल सके। इसके साथ ही दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर 'हाउस ऑफ हिमालय' के आउटलेट्स खोले जाने का अनुरोध किया गया।

# रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों का पुन सर्वे करें निगम प्रशासनः चोपड़ा

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापारियों ने  पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सहायक नगर आयुक्त के साथ बैठक कर अपनी मांगों को उठाया।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेड़ी  पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लघु व्यापार  एसो.के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति प्रभारी अधिकारी महेंद्र यादव सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद कर निर्धारण अधिकारी सुनीता सक्सेना लिपिक शिवराज चौहान की संयुक्त उपस्थिति में सहायक आयुक्त के कार्यलय पर चली बैठक में नगर निगम क्षेत्र के रेड़ी पटरी के लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने लघु व्यापारियों पर अतिक्रमण के नाम पर शोषण व उत्पीड़न की समस्या के निदान के साथ नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक के वेंडिंग जोन की मूलभूत सुविधाओं वह रोड़ी बेल वाला के महिला पिक वेंडिंग जोन को पुन स्थापना की मांग के साथ पूर्व में फेरी समिति के प्रस्ताव को क्रियान्वन किए जाने के विषयों को प्रमुखता से दोहराया।  इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा पूर्व में 20मई को फेरी समिति की बैठक के प्रस्ताव के अनुसार रोड़ी बेल वाला के महिला पिक वेंडिंग जोन सेक्टर 2 बैरियर से भगत



सिंह चौक के वेंडिंग जोन की पुन स्थापना कि मांग के साथ चलती फिरती हाथ ठेली के लाइसेंस परिचय पत्र प्रमाण पत्र दिए जाने की मांग उत्तराखंड शासन फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार की जा रही है उन्होंने कहा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन रेलवे रोड भीमगोडा खड़खड़ी भूपतवाला रोड़ी बेल वाला न्यू सब्जी मंडी सराय रोड इत्यादि क्षेत्रों के नगर निगम प्रशासन द्वारा नए सिरे से सर्वे किए जाने थे लेकिन एक महीना बीत जाने के उपरांत अभी तक सर्वे की कार्रवाई नहीं की गई है जो की उत्तराखंड शासन पर नीति नियमावली का उल्लंघन है।  रेड़ी पटरी के लघु व्यापारी संगठनों को आश्वासन देते हुए सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति प्रभारी अधिकारी महेंद्र यादव ने कहा 17 जून को फेरी समिति के निर्णय के अनुसार संयुक्त कमेटी जिसमें लोक निर्माण विभाग सिंचाई विभाग उत्तराखंड उत्तर प्रदेश रुड़की हरिद्वार विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन के साथ रोड़ी बेल वाला की महिला पिक वेंडिंग जोन का विकल्प मौके का निरीक्षण करते किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उसके उपरांत भगत सिंह चौक सेक्टर 2 बैरियर बेंडिंग जोन को पुन स्थापना किए जाने की कार्रवाई को गति प्रदान की जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि गंगा के घाटों के सभी पुलों को नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार अतिक्रमण मुक्त करते हुए (नोन) वेंडिंग जोन की सूचना पट्ट लगाने के आदेश संबंधित अधिकारियों को किया जा चुके हैं। लघु व्यापारियों की पांच सूत्रीय मांगों को दोहराते लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों में कमल सिंह, सुनील कुकरेती, फूल सिंह, लालचंद, विजय कुमार, भोला यादव, ओम प्रकाश, गजेंद्र सिंह, धर्मपाल, उमेश सिंह, आजम अंसारी, तस्लीम, कुर्बान, फुरकान अहमद, विजय लक्ष्मी, सुनीता चौहान, कामिनी, सीमा, कमल, मंजू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# विकास व विश्वास के 11 साल: सीएम

विशेष संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे कर लिए हैं। सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि मोदी के शासन के इन 11 सालों में सक्षम भारत और समृद्ध भारत की नींव रखी गई है। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा ऑपरेशन सिंदूर से भारत के शौर्य का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आत्मनिर्भरता की लंबी छलांग लगाते हुए अब देश विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ चुका है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में संकल्प से सिद्धि के 11 साल के उपलब्धियों के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जो एक माह तक चलने हैं। इसकी शुरुआत उत्तराखंड में सीएम धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा एक पत्रकार वार्ता से की गई। इस अवसर पर महेंद्र भट्ट ने बताया कि आज से हर रोज सभी जिलो में जन सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। जिससे सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इसको तीन स्तरों पर बांटा गया है। पहला है, विकसित भारत की परिकल्पना, दूसरा होगा संकल्प से सिद्धि तक तथा तीसरा होगा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास। सरकार के कार्यों को दर्शाने के लिए प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जा रहा है।



**●पीएम मोदी ने रखी सक्षम वह समृद्ध भारत की नीव**
**●सिंदूर से विश्व भर में बजा भारत के शौर्य का डंका**
**●11 साल में बदली सरकार और समाज की सूरत**

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आपने 2014 से पहले का भारत भी देखा होगा और आज का भारत भी आप देख रहे हैं। इसका फर्क भी आपको साफ दिख रहा होगा पहले घपले- घोटालों और तुष्टीकरण पर चिंतन व चर्चा होती थी अब विकास और नवाचार के साथ आविष्कार पर चर्चा होती है। 11 साल में सरकार ने गरीबों के उत्थान के सैकड़ो कार्यक्रम चलाए हैं। गरीबों को मुफ्त इलाज से लेकर उनके रहने को घर और स्वरोजगार के लिए आसान किस्तों पर सस्ता कर्ज दिया जा रहा है। 27 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। अब लाभार्थियों को एक रूपया भेजा जाता है तो वह पूरा पैसा उनके खाते में पहुंचता है, 10 पैसा नहीं पहुंचता। देश में एम्स बना रहे हैं और आईआईटी बन रहे हैं। अब नए रेल पथ बना रहे हैं ऑल वेदर और एलिवेटेड रोड बन रहे हैं नए एयरपोर्ट और एयरवेज बन रहे हैं। अब भारत अत्याचार पर चुप नहीं बैठता है घर में घुसकर मारता है। अब हम सिर्फ इंपोर्ट नहीं करते एक्सपोर्ट भी करते हैं। इन 11 सालों में सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पूरी तरह से बदल चुकी है उन्होंने कहा कि अब अपेक्षाओं को धरातल पर उतर जा रहा है।

# सभी निकाय आज ही शासन को सत्यापन रिपोर्ट प्रेषित करें: डीएम

संवाददाता



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने निकायों को निर्देश दिये कि आज ही शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बंसल ने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य संविदात्मक कार्यो में लगे मजदूरों के आधार कार्ड सत्यापन आख्या आतिथि तक उपलब्ध न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। डीएम ने निकायों को आज ही सत्यापन आख्या सचिव गृह, उत्तराखंड शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए है। शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने विगत 18 मई को नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतें में कूड़ा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य संविदात्मक कार्यो में लगे मजदूरों के आधार कार्ड सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए थे। एडीएम केके मिश्रा ने बताया कि आतिथि तक निकायों से सत्यापन आख्या नही मिली है, जो शासकीय कार्यो में गंभीर लापरवाही है। जिलाधिकारी ने सभी निकायों को आज ही सत्यापन रिपोर्ट शासन को प्रेषित करने के निर्देश जारी किए है। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार ने विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के आधार कार्ड सत्यापन को अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य कर्मियों की पहचान और उनकी सेवाओं को नियमित करना है। संविदा कर्मियों के आधार कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न केवल उनकी पहचान की पुष्टि करती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि वे सरकारी योजनाओं और लाभों के लिए पात्र हैं या नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम, नगर पालिका व पंचायत आज ही संविदात्मक कार्यो में लगे मजदूरों के आधार कार्ड संबंधी सत्यापन आख्या आज ही उत्तराखंड शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# अपार्टमेंट में लगी आग: पिता व 2 बच्चे 7वीं मंजिल से कूदे, मौत

कार्यालय संवाददाता



नई दिल्ली। आग में घिरी बहुमंजिला इमारत की सातवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से 10 साल के दो बच्चों की मौत हो गई। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में, उनके पिता यश यादव ने भी बालकनी से छलांग लगा दी और आईजीआई अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दिल्ली पुलिस ने मुताबिक, दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए और उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। दिल्ली के द्वारका सेक्टर 13 में बहुमंजिला अपार्टमेंट की इमारत में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे आग लग गई। यादव की पत्नी और बड़े बेटे को आग से बचा लिया गया है। उन्हें इलाज के लिए आईजीआई अस्पताल ले जाया गया। सोसायटी के सभी निवासियों को मौके से निकाला गया और बिल्डिंग की बिजली और पीएनजी कनेक्शन काट दिए गए।

# फायर करने वाला गिरफ्तार, तमंचा बरामद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने फ्लाईओवर पर फायरिंग करने वाले को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि को चौकी आईएसबीटी पर सूचना मिली कि आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे किसी व्यक्ति ने फायर कर दिया है तत्काल मौके पर जा कर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा जिससे कुछ लोगों द्वारा मारपीट की जा रही थी। पुलिस द्वारा उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो एक देसी तमंचा बरामद हुआ जिस पर कार्यवाही करते हुए आयुष राठी पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी बिजनौर उत्तरप्रदेश को मौके पर गिरफ्तार किया गया व चौकी ले जाकर पूछताछ करने



पर जानकारी हुई उक्त युवक पेइज फ्लाईओवर के नीचे खड़ा था वहां एक लड़का और एक लड़की का आपसी बातों को लेकर वाद विवाद हो रहा था, जिसमे ऑटो वाले व आसपास खड़े अन्य लोग लड़की की ओर से बीच बचाव करने लगे। शोर गुल सुनकर आयुष राठी भी मौके पर चला गया और बीच बचाव करने लगा तभी वहां खड़ी भीड़ ने आयुष राठी को लड़के का साथी समझ कर उसके साथ भी वाद विवाद किया व आयुष राठी पर हावी होने लगे जिस पर युवक ने बचाव में अपने पास रखा देसी कट्टा निकाल के हवा में फायर कर दिया। युवक द्वारा केवल हवाई फायर किया गया। पुलिस द्वारा जानकारी पर अज्ञात लड़का लड़की के आपसी विवाद का प्रकरण सामने आया। उपरोक्त आयुष राठी को उससे अवैध देसी कट्टा बरामद होने के कारण गिरफ्तार किया गया है।

मौके पर पुलिस जांच में युवक द्वारा किसी लड़की को छेड़ने व बुजुर्ग को गोली लगने से संबंधित तथ्य की पुष्टि नहीं हुई। मात्र भागदौड में हल्की चोट मेडिकल में आयी है।

# दिल्ली में 900 झुग्गियों पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली डेवलपमेंट ऑथोरिटी (डीडीए) ने भूमिहीन कैंप से करीब से 900 झुग्गियों को हटाया। वही डीडीए के मुताबिक, भूमिहीन कैंप के 1862 लोगों को फ्लैट दिया है। भूमिहीन कैंप में डीडीए ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की। नोटिस में निवासियों को तीन दिन में झुग्गियां खाली करने को कहा गया है। अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इस कैंप में सैकड़ों परिवार रहते हैं, जिनमें से कई दशकों से वहां बसे हैं। आतिशी ने निवासियों के विस्थापन की आशंका जताई और कहा कि सरकार को पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए।

कालकाजी के भूमिहीन कैंप पर चल रहे बुलडोजर की करवाई को लेकर दिल्ली की नेता विपक्ष आतिशी पहुंची थी। आतिशी जिन लोगों के घर टूट रहे है, उनसे मिलने पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें डिटेन कर लिया। आतिशी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, श्मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि दिल्ली की एक भी झुग्गी को तोड़ा नहीं जाएगा, लेकिन अब उनकी गंदी नजर भूमिहीन कैंप की झुग्गियों पर पड़ी है। बीजेपी सरकार के इस बुलडोजर एक्शन के खिल्लाफ जनता विरोध कर रही है। बीजेपी झुग्गीवासियों को सड़क पर लाकर बेसहारा छोड़ रही है। आम आदमी पार्टी



ने आतिशी को हिरासत में लिए जाने के बाद ट्वीट करते हुए कहा, मद्रासी कैंप और वजीरपुर इलाके समेत दिल्ली की कई जगहों की झुग्गियां उजाड़ने के बाद बीजेपी की गंदी नजर अब भूमिहीन कैंप की झुग्गियों पर है। बीजेपी यहां भी बुलडोजर चलाकर गरीबों को बेघर करना चाहती है लेकिन आम आदमी पार्टी ऐसा होने नहीं देगी। इनकी तानाशाही का डटकर मुकाबला करेगी और झुगीवालों की आवाज को बुलंद करेगी। बता दें कि इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में डीयूएसआईबी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए और एमसीडी के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा था कि बुलडोजर कारवाई को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर एफआईआर दर्ज होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है, जबकि सरकार ने आश्वासन दिया है कि स्थायी आवास दिए बिना झुग्गियों को नहीं तोड़ा जाएगा।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*